हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026

06 किसान स्वराज संगठन का प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं...



07 विडंबना... आंगनबाड़ी भवन में मासूमों की जगह...






## खबर संक्षेप

### वार्षिकोत्सव उमंग का आयोजन



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वार्षिकोत्सव ष्उमंगष के अंतर्गत तृतीय दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोज न किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में व्यंजन प्रतियोगिता थीम अंकुरित अनाज, केश सज्जा, सलाद सज्जा, मेहंदी तथा फूलों की रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गईं। व्यंजन प्रतियोगिता में छात्राओं ने अंकुरित अनाज की पारंपरिक एवं आधुनिक प्रकार की आकर्षक प्रस्तुति देकर निर्णायकों को प्रभावित किया। केश सज्जा प्रतियोगिता में विभिन्न हेयर स्टाइल्स के माध्यम से कला एवं सौंदर्यबोध का प्रदर्शन किया गया। सलाद सज्जा प्रतियोगिता में रंग-बिरंगी सब्जियों और फलों से कलात्मक आकृतियाँ बनाई गईंए जिनकी रचनात्मकता सराहनीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बारीक एवं सुंदर डिजाइनों से अपनी कला का परिचय दिया। वहीं फूलों की रंगोली प्रतियोगिता में प्राकृतिक पुष्पों से आकर्षक एवं मनोहारी रंगोलियाँ सजाई गईंए जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।

### जिला स्तरीय क्लासिक सब जूनियर एवं जूनियर पावर लिफ्टिंग स्पर्धा 1 को



**सीहोर।** सीहोर जिला पावर लिफ्टिंग ऐसोसिएशन के महासचिव सत्यनारायण वारिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी दिनांक 17 से 18 अप्रैल 2026 को जबलपुर में क्लासिक जूनियर, एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित होने होने जा रही है। जिसको लेकर खिलाडिय़ों के चयन हेतु दिनांक 1 मार्च 2026, दिन रविवार को प्रातः 10 बजे स्थानीय चर्च ग्राउण्ड के पास जिला खेल अधिकारी परिसर में खिलाडिय़ों का प्रतिभानुसार चयन किया जावेगा। जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहता हो वह अपने आधार कार्ड, मार्कशीट एवं जन्म प्रमाणपत्र के साथ ट्रायल स्थल पर नियत समय पर उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं।


# मंडी के नए बिजली उपकेंद्र में आज से दौड़ेगा करंट, कटौती से राहत की उम्मीद

**सीहोर।** मण्डी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही बिजली कटौती और लो.वोल्टेज की समस्या अब जल्द ही बीते दिनों की बात हो जाएगी। मण्डी स्थित एमपी ग्राउंड के पास नवनिर्मित 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र (सब.स्टेशन) पूरी तरह तैयार है और आज से इसमें विद्युत प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा।

बता दें इस नए पावर हाउस की टेस्टिंग 27 फरवरी को की जानी थी, लेकिन विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए विभाग ने इसे एक दिन के लिए टाल दिया गया था। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के जोन-2 के असिस्टेंट इंजीनियर आरके अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। शुक्रवार को पेपर होने की वजह से विभाग ने निर्णय लिया कि टेस्टिंग के दौरान होने वाली संभावित बिजली कटौती से छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा में कोई बाधा न आए, इसलिए अब यह टेस्टिंग शनिवार को की जाएगी।

### मंडी क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए लिया गया निर्णय

मण्डी क्षेत्र का दायरा काफी बड़ा है, जिसके कारण पुराने बिजली केंद्रों पर अत्यधिक भार बढ़ गया था। इसी वजह से आए दिन तकनीकी खराबी और अघोषित बिजली कटौती की समस्या बनी रहती थी। उपभोक्ताओं की इसी परेशानी को दूर करने के लिए एमपी ग्राउंड के पास जोन.2 के अंतर्गत इस नए 33/11 केवी उपकेंद्र का निर्माण किया गया है। इस नए केंद्र के शुरू होने से मण्डी क्षेत्र के बड़े हिस्से को निर्बाध बिजली सप्लाई मिल सकेगी।



### इन इलाकों को मिलेगी बड़ी राहत

विद्युत कंपनी के अनुसार इस नए उपकेंद्र के चालू होने का सीधा लाभ जनता कालोनी, संजय नगर, मण्डी क्षेत्र, पोस्ट ऑफिस क्षेत्र, फ्री गंज, पुलिस लाइन क्षेत्र सहित अन्य घनी आबादी वाले इलाकों को इसका लाभ मिलेगा और इन क्षेत्रों में बार-बार होने वाले फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्या समाप्त हो जाएगी।

### जोन.2 की बढ़ी क्षमता

एई आरके अग्रवाल ने बताया कि इस नए केंद्र के जुडने के बाद अब जोन.2 में कुल 4 उपकेंद्र हो गए हैं, जबकि जोन.1 में 3 उपकेंद्र संचालित हैं। इस नए ग्रिड के सक्रिय होने से न केवल बिजली की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि भविष्य में बढने वाले लोड को भी आसानी से संभाला जा सकेगा। आज इसकी सफल टेस्टिंग की जाएगी।


### किसान बोले : खेतों में फसल बर्बाद पड़ी है, लेकिन अभी तक कोई पटवारी, गिरदावर या कृषि विभाग का अधिकारी सर्वे करने नहीं पहुंचा

# हवा-आंधी से बर्बाद गेहूं फसल को देसी जुगाड़ से बचाया, मेवाड़ा की पहल बनी किसानों की उम्मीद

जब फसल गिरने के बाद किसान टूट चुके थे, तब एमएस मेवाड़ा ने अपनी सूझबूझ से एक तरीका निकाला। उन्होंने खेतों में गिरी फसल को उठाकर रस्सियों के सहारे छोटे-छोटे गुच्छों में बांधकर खड़ा करना शुरू किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पिछले दिनों हुई बेमौसम बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि ने जिले के किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में सोने की तरह लहलहाती गेहूं की फसल देखते ही देखते जमीन पर बिछ गई। फसल आड़ी होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई और साल भर की मेहनत मिट्टी में मिलती नजर आने लगी। ऐसे संकट के समय में न तो शासन के नुमाइंदे पहुंचे और न ही प्रशासन ने सुध ली, लेकिन समाजसेवी और किसान एमएस मेवाड़ा की एक नई सोच और 'देसी जुगाड़' ने अब किसानों को बर्बादी से बचाने की नई उम्मीद जगाई है। जब फसल गिरने के बाद किसान टूट चुके थे, तब एमएस मेवाड़ा ने अपनी सूझबूझ से एक तरीका निकाला। उन्होंने खेतों में गिरी फसल को उठाकर रस्सियों के सहारे छोटे-छोटे गुच्छों में बांधकर खड़ा करना शुरू किया।



रामाखेड़ी के किसान मोतीलाल मेवाड़ा ने इसे प्रयोग के तौर पर अपनाया। एक एकड़ खेत में 6 मजदूरों ने दो दिन मेहनत की, जबकि दो एकड़ में करीब 12 मजदूरों और 4000 रुपये के खर्च से फसल को वापस खड़ा कर दिया गया। जहां फसल गिरने से 40 क्विंटल की जगह मात्र 10 क्विंटल पैदावार की उम्मीद बची थी, वहीं इस तकनीक से अब 20 क्विंटल से अधिक गेहूं बचने की संभावना है। यानी महज कुछ हजार रुपये खर्च कर किसान अपनी 50 हजार से ज्यादा की फसल बचा रहे हैं।

**प्रशासन की बेरुखी से किसानों में नारोजगी :** समाजसेवी एमएस मेवाड़ा और स्थानीय किसानों ने प्रशासन के प्रति गहरा असंतोष व्यक्त किया है। किसानों का कहना है कि खेतों में फसल बर्बाद पड़ी है, लेकिन अभी तक कोई पटवारी, गिरदावर या कृषि विभाग का अधिकारी सर्वे करने नहीं पहुंचा। किसानों ने विगत दिनों करनाल और पीलूखेड़ी जैसे गांवों में प्रदर्शन भी किया, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। अब किसान अपनी फसल बचाने के लिए दोहरी मार झेल रहा है, एक तरफ कुदरत का कहर और दूसरी तरफ मजदूरों का अतिरिक्त खर्च।

### सीएम और कृषि मंत्री से गुहार

एमएस मेवाड़ा, देव सिंह मेवाड़ा, महेश, रमेश चंद, राधेश्याम और प्रहलाद जैसे किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से फसलों का सर्वे कराया जाए। रामाखेड़ी के किसान मोहन जिनकी 5 एकड़ फसल पूरी तरह आड़ी हो गई है, उन्होंने जिला प्रशासन से राहत राशि और बीमा क्लेम दिलाने की पुरजोर मांग की है।

### हौसले से हारी मुश्किलें

मेवाड़ा की यह पहल अब गांव-गांव में सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल हो रही है। किसान अब सरकारी मदद के भरोसे बैठने के बजाय खुद अपनी मेहनत को सहेजने में जुट गए हैं। रलावती और रामाखेड़ी के खेतों में फिर से खड़ी होती फसल इस बात का प्रमाण है कि यदि इरादे मजबूत हों तो किसान आंधी तूफान का मुकाबला भी अपने हौसले से कर सकता है।

# सूर्यवंशी समाज सहेज रहा बुंदेलखंडी फाग की विरासत

**सीहोर।** आज के बदलते दौर में जहां त्योहारों का स्वरूप दिखावे और फूहड़ता की ओर झुक रहा है, वहीं सीहोर का सूर्यवंशी समाज अपनी पुरानी परंपराओं, मर्यादा और लोक संस्कृति को सहेजने की मिसाल पेश कर रहा है। शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में होली के आगमन के साथ ही बुंदेलखंडी लोकगीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। आधुनिकता की चकाचौंध के बीच यहाँ की गलियों में आज भी ढोलक, नगडिय़ा, झांझ-मंजीरे और खंजड़ी की थाप पर फाग की टोलियां जम रही हैं।

बता दें सूर्यवंशी अहिरवार समाज के लोग वर्षों पुरानी इस साझी विरासत को आज भी पूरी पवित्रता के साथ आगे बड़ा रहे हैं। फाग गायक सरजू प्रसाद सूर्यवंशी बताते हैं कि पहले के समय में होली का डांडा गडऩे के दिन से ही फाग गायन शुरू हो जाता था, लेकिन समय के साथ अब इसमें कुछ बदलाव आए हैं। इसके बावजूद होलिका दहन से लेकर रंग पंचमी तक पूरे पांच दिनों तक फाग गायन का उत्साह बना रहता है। इन लोकगीतों में केवल हंसी मजाक नहीं, बल्कि रामायण, महाभारत, देवी गीत और शिव गणेश की स्तुतियां भी शामिल होती हैं।

**शोक का रंग, सबसे पहले :** इस समाज की सबसे सुंदर और मानवीय परंपरा शोक का रंग है।



होली के पर्व पर खुशियां मनाने से पहले समाज की टोलियां उन परिवारों के घर पहुंचती हैं, जिन्होंने पिछले एक वर्ष में अपने किसी प्रियजन को खोया है। इसका मुख्य उद्देश्य शोक संतप्त परिवार को दुख के माहौल से निकालकर पुनः खुशियों के रंगों में शामिल करना होता है। समाज के लोग सबसे पहले इन परिवारों पर रंग डालते हैं और फिर पूरे मोहल्ले में होली की शुरुआत होती है। यह परंपरा आपसी जुड़ाव और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल है।

**नई पीढिय़ों पर भी चढ़ा रंग :** फ्रीगंज क्षेत्र में फाग, राई, स्वांग और ढिमरयाई शैली में गायन का कार्यक्रम चलता है। हालांकि बुजुर्गों का मानना है कि नई पीढ़ी का झुकाव मोबाइल और आधुनिक संगीत की ओर बढ़ रहा है, लेकिन सूर्यवंशी समाज में आज भी युवा अपने बुजुर्गों के साथ बैठकर इन कलाओं को सीख रहे हैं। स्थानीय निवासी बाबूलाल सूर्यवंशी ने बताया कि यह गायन मंडलियां केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को आपस में जोडऩे का सबसे सशक्त माध्यम हैं।

**दिखावे से दूर, पवित्रता के करीब :** समाज के प्रबुद्धजनों का कहना है कि होली केवल हुड़दंग का नाम नहीं हैए बल्कि यह लोकगीतों के माध्यम से अपनी जड़ों से जुडऩे का पर्व है। बुंदेलखंडी लोकगीतों की मधुर गूंज के साथ सूर्यवंशी समाज यह संदेश दे रहा है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो आधुनिक युग में भी अपनी गौरवशाली लोक संस्कृति को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है।

# आज भैरुंदा आएंगे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, करेंगे पौधरोपण

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज शनिवार को एक संक्षिप्त दौरे पर अपने गृह क्षेत्र भैरुंदा पहुंच रहे हैं। विशेष बात यह है कि श्री चौहान का यह दौरा मात्र 40 मिनट का होगा, जो मुख्य रूप से उनके पर्यावरण प्रेम और प्रतिदिन एक पौधा लगाने के संकल्प को समर्पित है।

देश के कृषि मंत्री की व्यस्तताओं के बीच भी श्री चौहान ने अपने पांच साल पुराने संकल्प को नहीं तोड़ा है। जारी कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 10 बजे भैरुंदा पहुंचेंगे और 10.40 बजे तक यहां रुकेंगे। इन 40 मिनटों के दौरान वे न केवल पौधरोपण करेंगे, बल्कि स्थानीय कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता से भेंट भी करेंगे। इतने कम समय के प्रवास में भी वे जनता से सीधा संवाद कर क्षेत्र की नब्ज टटोलेंगे।



### पांच साल से अटूट है पौधरोपण का नियम

उल्लेखनीय है कि शिवराज सिंह चौहान चाहे दिल्ली में हों या प्रदेश के किसी सुदूर अंचल में वे प्रतिदिन एक पौधा अवश्य लगाते हैं। भैरुंदा का यह दौरा इसी अटूट संकल्प की एक कड़ी है।

उनके 40 मिनट के इस छोटे दौरा कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन और समर्थकों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### ये रहेगा मिनट टू मिनट कार्यक्रम

सुबह 8.00 बजेः भोपाल स्थित 74 बंगला निवास से सडक़ मार्ग द्वारा रवानगी।

सुबह 10.00 बजेः भैरुंदा आगमन और स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत।

सुबह 10.00-10.40 बजेः पौधरोपण, संकल्प पूर्ति और संक्षिप्त जनसंवाद।

सुबह 10.45 बजेः वापस भोपाल के लिए प्रस्थान।

दोपहर 12.45 बजेः पुनः भोपाल निवास पर वापसी।

### 19 अप्रैल से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का विमोचन किया

# समाजसेवी राठौर के विशेष प्रयासों से सीहोर में आकार ले रहा 'मिनी मेहंदीपुर बालाजी धाम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर अब एक नए और भव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर निर्मित इस दिव्य मंदिर के निर्माण में हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर की मुख्य भूमिका रही है। उनकी सक्रियता और अटूट भक्ति के प्रयासों से ही यह करोड़ों की लागत वाला भव्य मंदिर आज साकार हो सका है।

मंदिर परिसर में आगामी 19 अप्रैल से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ संचालक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा, समिति अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, पुजारी अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



### रुद्रप्रकाश राठौर बने निर्माण के सूत्रधार

बस स्टैंड स्थित इस प्राचीन और प्रसिद्ध हनुमान मंदिर को एक भव्य स्वरूप देने का संकल्प रुद्रप्रकाश राठौर ने लिया था। उनके नेतृत्व में समिति और क्षेत्रवासियों के सहयोग से करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का कायाकल्प किया गया है। मंदिर का निर्माण राजस्थान के विशेष पत्थरों से कराया गया है, जो इसकी भव्यता में चार चांद लगा रहे हैं। श्री राठौर ने बताया कि यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र होगा, बल्कि वास्तुकला की दृष्टि से भी शहर की पहचान बनेगा।

**मेहंदीपुर बालाजी जैसा अनुभव :** इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा है। भक्तों की मान्यता है कि यहां दर्शन मात्र से संकटों का नाश होता है। नव निर्मित मंदिर में केवल हनुमान जी ही नहीं, बल्कि भगवान राम दरबार, शिव नंदी और सप्तऋषियों की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी। इन सभी प्रतिमाओं को विशेष रूप से राजस्थान के कुशल शिल्पकारों द्वारा तैयार करवाया गया है।

### 19 अप्रैल से शुरू होगा उत्सव

समिति के अध्यक्ष श्री राठौर ने जानकारी दी कि 19 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए देश भर के प्रसिद्ध संतों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव के दौरान भव्य यज्ञ, दिव्य अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन होगा। अब सभी भक्तों को इंतजार है 19 अप्रैल का, जब इस नवनिर्मित सिद्ध हनुमान मंदिर के द्वार भव्यता के साथ आम जन के लिए खुलेंगे।

# केजरीवाल/सिसोदिया समेत 23 आरोपमुक्त, सीहोर में 'आप' बोली, झूठ की राजनीति हुई बेनकाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिल्ली की वर्ष 2022-23 की चर्चित आबकारी नीति मामले में राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायालय द्वारा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल तथा दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित 23 आरोपियों को आरोपमुक्त किए जाने के बाद सीहोर में आम आदमी पार्टी ने इसे न्याय और सत्य की विजय बताया है। सीहोर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष चेतन कुमार वास्तवार ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि अभियोजन पक्ष मुकदमा चलाने योग्य पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहा।

उन्होंने कहा कि विशेष न्यायाधीश ने आरोपपत्र में गंभीर त्रुटियों और साक्ष्यों के अभाव की ओर संकेत करते हुए प्रथम दृष्टया मामला न बनने की बात कही है।

### न्यायालय ने कहा, साक्ष्यों का अभाव

चेतन कुमार ने बताया कि न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी उल्लेख किया कि निष्पक्ष सुनवाई के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक होती है, किंतु प्रस्तुत प्रकरण में जांच में अनेक कमियां पाई गईं। आरोपपत्र के कई बिंदुओं का गवाहों और दस्तावेजों से पर्याप्त समर्थन नहीं मिल सका।

इसी आधार पर सभी आरोपियों को आरोपमुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह फैसला उन सभी के लिए महत्वपूर्ण संदेश है जो बिना ठोस प्रमाण के राजनीतिक आरोप लगाते हैं। चेतन कुमार ने कहा कि मामले की जांच करने वाली एजेंसियों सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगाए गए आरोप न्यायालय की कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। उन्होंने कहा कि अदालत की टिप्पणी से स्पष्ट है कि आरोपों का पर्याप्त तथ्यात्मक आधार नहीं था।

### जिले में खुशी की लहर

फैसले के बाद सीहोर जिले में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। चेतन कुमार ने कहा कि यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों की मजबूती को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, पारदर्शी शासन और जनकल्याण के मुद्दों पर निरंतर कार्य करती रहेगी तथा जनता के विश्वास को और सुदृढ़ करेगी। चेतन कुमार ने यह फैसला केवल दो नेताओं की नहीं, बल्कि सत्य और संविधान में आस्था रखने वाले हर नागरिक की जीत है।

## खबर संक्षेप



### एमडी शर्मा की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

**सीहोर।** शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। सेवाकाल में रहते हुए वह बच्चों को शिक्षा देते हैं। वहीं सेवानिवृत्ति बाद अपने अनुभवों के आधार पर समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं शिक्षक। उक्त बातें ग्राम सेमरादांगी के शासकीय माध्यमिक शाला से सेवा निवृत्त होने वाले प्रभारी प्रधानाध्यापक एमडी शर्मा विदाई समारोह को संबोधित करते हुए संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर सेवा निवृत्त होने वाले प्रभारी प्रधानध्यापक श्री शर्मा को यहां पर स्टाफ और विद्यार्थियों ने भावुक रूप से पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के यहां पर मौजूद अन्य वक्ताओं ने कहाकि प्रभारी प्रधानाध्यापक की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह एक भावुक और सम्मानजनक अवसर होता है, जिसमें शिक्षक के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यालय के प्रति योगदान को याद किया जाता है। इस कार्यक्रम में विदाई भाषण, उपहार, सम्मान पत्र भेंट किए और उनके सुखद व स्वस्थ भविष्य की कामना की। विदाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि सन 1984 में उन्होंने ग्राम सांकला अहमदपुर में शिक्षक के रूप में शिक्षा के मंदिर में अपनी सेवा दी है। करीब 42 सालों से वह शिक्षक और प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में सेवा दे रहे है। उन्होंने कहा कि बच्चे जहां राष्ट्र की धरोहर हैं, वहीं शिक्षक राष्ट्र के प्रहरी।

### दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।


### मुख्यमंत्री मोहन यादव व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम सौंपा ज्ञापन

# किसान स्वराज संगठन का प्रदर्शन, मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शन से पहले कृषि उपज मंडी में सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारी गजेंद्र जाट ने कहा कि लागत बढ़ने के बावजूद फसलों का वाजिब मूल्य किसानों को नहीं मिल पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



किसानों की लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान सड़कों पर उतर आए। कृषि उपज मंडी परिसर से शुरू हुआ विरोध मार्च नारेबाजी के बीच तहसील कार्यालय पहुंचा, जहां किसानों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एसडीएम सुधीर कुशवाह को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने दो टूक कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी स्वरूप दिया जाएगा।

प्रदर्शन से पहले कृषि उपज मंडी में एक सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारी गजेंद्र जाट ने कहा कि लागत बढ़ने के बावजूद फसलों का वाजिब मूल्य किसानों को नहीं मिल पा रहा है। खाद, बीज, डीजल और मजदूरी की बढ़ती कीमतों के बीच किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा पूर्व में किए गए कई वादे अब तक अधूरे हैं। सभा के बाद किसान हाथों में तख्तियां लेकर पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। इस दौरान "3000 में गेहूं खरीदी करो", "एमएसपी पर मूंग की खरीदी सुनिश्चित करो" और "स्मार्ट मीटर गांव में नहीं लगेंगे" जैसे नारों से माहौल गूंजता रहा। किसानों का कहना है कि गेहूं की खरीदी 3000 रुपए प्रति क्विंटल बोनस सहित की जाए। उनका आरोप है कि सरकार ने पूर्व में 3000 रुपए प्रति क्विंटल में गेहूं खरीदी का वादा किया था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया। ज्ञापन में मूंग की फसल की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। किसानों ने कहा कि समर्थन मूल्य घोषित होने के बावजूद जमीनी स्तर पर खरीदी नहीं होने से उन्हें बाजार में कम दाम पर उपज बेचनी पड़ती है। इसके अलावा खरीफ और रबी फसल ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून करने, सोलर पंप योजना में किसान के नाम पर ऋण नहीं लेने और भावांतर योजना बंद करने की मांग भी की गई। तो वहीं बिजली विभाग की लापरवाही से हो रहे किसानों की समस्याएं भी दूर करने की मांग की गई।

ज्ञापन में तेलंगाना और राजस्थान की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी कर्जमाफी लागू करने, ट्रैक्टर पर दो लाख रुपए तक की सब्सिडी देने और आठ जिलों में मूंग फसल का क्लस्टर घोषित करने की मांग रखी। सिंचाई सुविधाओं को लेकर भी किसानों ने झोलियापुर डेम से रेहटी व भैरूंदा क्षेत्र तक नहर का पानी पहुंचाने तथा मर्दानपुर से कोलार डेम में नर्मदा जल प्रवाहित करने की मांग दोहराई। साथ ही खेती के लिए मुफ्त बिजली, भू-अर्जन कानून में संशोधन कर चार गुना अधिक मुआवजा और सभी फसलों पर एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारी गजेंद्र जाट ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश के 16 किसान संगठनों के संयुक्त नेतृत्व में भोपाल में धरना-प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसान अब चुप नहीं बैठेगा और अपने हक के लिए संगठित संघर्ष करेगा। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुशवाह ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगें शासन स्तर तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि इससे पर्यावरण और भूमि की उर्वरता को नुकसान पहुंचता है तथा नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवान सिंह यदुवंशी, गजेन्द्र जाट, विष्णुडोड, शंकर जाट, संदीप किर सहित कई पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## ट्राइडेंट ने पुल घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान






**बुधनी।** ट्राइडेंट ग्रुप की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के अंतर्गत 'निर्मल नर्मदा' अभियान के तहत पुल घाट पर नर्मदा नदी तट की व्यापक सफाई का कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के 150 से अधिक स्वयंसेवकों एवं प्रबंधन टीम के सदस्यों ने उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेते हुए घाट क्षेत्र की साफ-सफाई की इस दौरान कुल 6 ट्रॉलीयो में लगभग 100 बैग कचरा एकत्र किया गया, जिसे विधिवत अपशिष्ट प्रबंधन विभाग को सौंपा गया अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, नदी स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पवित्र नर्मदा नदी की स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उन्हें घाटों व नदी क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया टीम भावना और सामूहिक प्रयास से किए गए इस अभियान ने सामाजिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रबंधन टीम ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य की दिशा में निरंतर प्रयास हैं 'निर्मल नर्मदा' अभियान का उद्देश्य नर्मदा नदी की स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति स्थायी जागरूकता पैदा करना है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे अभियानों में सहभागिता का भरोसा दिलाया यह आयोजन ट्राइडेंट ग्रुप की सामाजिक प्रतिबद्धता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के प्रति निरंतर समर्पण का सशक्त उदाहरण बना है।

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का सम्मेलन संपन्न

**बुधनी।** उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अधिवेशन में देशभर से 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जिसमें बुधनी जिले के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे।




अधिवेशन के दौरान प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया,प्रांत मंत्री जगवीर राजवंशी एवं प्रांत उपाध्यक्ष द्वारा बुधनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद जिला बुधनी के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी (राधिकेश महाराज),जिला महामंत्री मुकेश शर्मा (भेरुन्दा),जिला मंत्री आचार्य पंडित उत्तम कृष्ण महाराज (शिवनगर) एवं जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर लोवंशी (आवलीघाट) नियुक्त किए गए। वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल जिला बुधनी में जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा (बाबा ठाकुर,बुधनी),जिला मंत्री कुबेर ठाकुर (बुधनी),रामसेवक गोस्वामी (नांदेर) एवं आनंद गौर (नीनोर) बनाए गए जिला उपाध्यक्ष के रूप में दुर्गेश ठाकुर (चकल्दी) एवं मंगल ठाकुर (नांदेर) की नियुक्ति की गई जिला गौ रक्षा प्रमुख गजराज सिंह बानिया (मांजरकुई),सह गौ रक्षा प्रमुख समीर यादव (बांया),जिला बल उपासना प्रमुख अनुराग पटेल (बांया), जिला पालक अजय दुबे,जिला सुरक्षा प्रमुख अरुण लखेरा (गोपालपुर) एवं जिला मीडिया प्रभारी अनिल मेहरा (बुधनी) नियुक्त किए गए। संगठन द्वारा सभी नवदायित्व पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

## तकनीकी खामियों के बीच गेहूं पंजीयन, 11 दिन में लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 7 प्रतिशत पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने की सरकारी प्रक्रिया शुरू तो हो गई है। लेकिन व्यवस्थाएं पहले ही सप्ताह में चरमराती नजर आ रही हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पंजीयन प्रक्रिया 7 फरवरी से शुरू हो चुकी है, जो 7 मार्च तक चलेगी। लेकिन शुरुआती 9 दिनों में क्षेत्र के केवल 1,230 किसानों का ही पंजीयन हो सका है। जबकि पिछले वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि इस क्षेत्र में पंजीकृत किसानों की संख्या 17 हजार के करीब रहती है। इसके पीछे बड़ा कारण फसल गिरदावरी का समय पढ़ने होना एवं पोर्टल में तकनीकी खामियां होना है। नतीजा यह है कि

पंजीयन केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है और जो इक्का-दुक्का किसान वहां पहुंच रहे हैं। उन्हें पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण निराश होकर लौटना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या सारा एप में आ रही है। इस एप पर किसानों की फसल की गिरदावरी प्रदर्शित नहीं हो रही है। पोर्टल पर फसल का विवरण न दिखने के कारण पंजीकरण की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।.ग्रामीण क्षेत्रों से किराया खर्च कर केंद्रों तक पहुंचने वाले किसान घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ घर लौट रहे हैं। किसान संघ के प्रतिनिधि गजेंद्र जाट का कहना है कि पटवारियों द्वारा खेतों में पहुंचकर जियो-टैगिंग का कार्य अब तक पूर्ण नहीं किया गया है। जिसका सीधा असर पंजीयन पोर्टल पर दिखाई दे रहा है।

**नियमों में बदलाव के कारण गिरदावरी करना बन रहा चुनौती:** इस वर्ष गिरदावरी और पंजीयन की प्रक्रिया एक साथ चल रही है। जिससे समस्या और भी गहरा गई है। पिछली बार तक व्यवस्था यह थी कि किसान या सर्वेयर खेत की मेड़ से फोटो खींचकर एप पर अपलोड कर सकते थे। लेकिन इस बार नियमों को सख्त किया गया है। अब सर्वेयरों को अनिवार्य रूप से खेतों के बीच में पहुंचकर फोटो अपलोड करनी पड़ रही है। इसके अतिरिक्त, खेतों के बटांकन (हिस्सों में बंटवारा) के बाद नए नक्शे अब तक ऑनलाइन अपडेट नहीं हो सके हैं, जिससे पोर्टल डेटा को सिंक करने में विफल हो रहा है। जबकि 28 फरवरी तक गिरदावरी पूर्ण करना हैं।

इसके बाद 5 मार्च तक सत्यापन कार्य होगा। 10 मार्च तक दावे-आपत्ति पेश होगें और 20 मार्च को जांच का अंतिम अनुमोदन होगा। इस मामले में सबसे बड़ी समस्या यह है कि पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च है। जबकि जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया 20 मार्च तक चलनी है। ऐसे में किसान इस बात को लेकर सशंकित हैं कि यदि समय पर डेटा अपडेट नहीं हुआ तो वह पंजीयन से वंचित रह जाएंगे।

## जीवनभर मां नर्मदा की परिक्रमा का संकल्प लेकर निकले संत शिवानंद महाराज छीपानेर पहुंचे

### 108 लीटर दूध से होगा अभिषेक, झंडा चढ़ाई, भंडारे का किया आयोजन

**भैरुंदा।** तहसील के ग्राम छीपानेर स्थित प्रसिद्ध स्थल श्री दादाजी धूनीवाले आश्रम में शुक्रवार को आध्यात्मिक आस्था का अनूठा दृश्य देखने को मिलेगा। जीवनभर मां नर्मदा की परिक्रमा का संकल्प लेकर निकले संत शिवानंद महाराज अपनी परिक्रमा यात्रा के दौरान 27 फरवरी को छीपानेर उत्तर तट पहुंचे। उनके आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह बना हुआ है। जय श्री दादाजी नर्मदे हर ग्रुप एवं आश्रम से जुड़े भक्तों ने बताया कि शिवानंद जी महाराज, धूनीवाले दादाजी के परम शिष्य हैं और वे निरंतर मां नर्मदा की आजीवन परिक्रमा कर रहे हैं। संत के स्वागत में भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। आगमन अवसर पर मां नर्मदा का 108 लीटर दूध से विधिवत अभिषेक किया जाएगा। साथ ही पारंपरिक रूप से झंडा-निशान चढ़ाया जाएगा तथा भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां नर्मदा की आरती में सहभागी बनें और प्रसादी ग्रहण करें।आश्रम परिसर में सुबह से ही भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। संत के आगमन से पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।



### टाउनहाल से कलेक्ट्रेट तक विरोध मार्च निकाला

# पटवारियों ने मांगों व समस्याओं के निराकरण के लिए रैली निकाल कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुश्किलों में काम कर रहे पटवारियों ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों व समस्याओं के निराकरण नहीं होने पर टाउनहाल से कलेक्ट्रेट तक विरोध मार्च निकाला। मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आक्रोशित पटवारियों ने फार्मर रजिस्ट्री केम्प, कृषि संगणना एवं लघु सिचाई संगणना के मानदेय का भुगतान करने,नवोदित पटवारियों को 100 प्रतिशत सैलरी प्रदान करने और अनूपपुर जिले में पटवारियों के वेतन रोकने जैसी कार्रवाही को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया।



पटवारी संघ जिलाध्यक्ष संजय राठौर ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि जिले में पदस्थ पटवारी अपनी सेवा का निर्वहन पूरी निष्ठा से लगातार कर रहे है लेकिन कार्य के दौरान अनेक समस्याएं बनी हुई है कई बार मांग करने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री केम्प के मानदेयों का भुगतान अबतक नहीं किया गया है। जिस में पटवारियों को फार्मर रजिस्ट्री केम्प हेतु नौडल अधिकारी बनाया गया था। जबकी केंप का शासन स्तर से मानदेय स्वीकृत हुआ है। वर्तमान में 7वी लघु सिचाई संगणना का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। जबकि पहले कृषि संगणना एवं छटी लघु सिचाई संगणना के मानदेय का भुगतान अभी तक लंबित है। इसी प्रकार तहसीलदार कार्यालय से पटवारियों को मकान पर नंबरीकरण का कार्य 3 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है। जबकि पूर्व में मकान नंबरीकरण का कार्य स्थानीय निकाय द्वारा किया जाता रहा है। पटवारियों को इस कार्य में जबरन झौका जा रहा है इस रोक लगनी चाहिए। वर्तमान में जियोटेग गिरदावरी का कार्य चालू है। जिसकी समय अवधी 28 फरवरी है एवं फसल पंजीयन का कार्य भी चालू है जो कि समय सीमा में किया जाना आवश्यक है। वर्तमान में जिले की कई तहसीलों में वन संपरिवर्तन का कार्य जारी है। जिसमें संबंधित पटवारी को ग्राउण्ड टूथिंग कार्य भी समय-सीमा में करना पड रहा है। 7वी लघु सिचाई एवं दूसरी वृहत सिचाई संगणना का कार्य भी जिले में प्रारम्भ किया जा चुका है आखिर पटवारी क्या क्या करेगा।

सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित रहती है परन्तु अधिकारियों द्वारा समय-सीमा से पूर्व कार्य करवाने के लिए अनावश्यक रूप से मानसिक दबाव बनाया जाता है। नवोदित पटवारियों को 100 प्रतिशत सैलरी देने के लिए तात्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गई थी लेकिन शासन द्वारा यह आदेश आज दिनांक तक लम्बित है वर्तमान में हाईकोर्ट जबलपुर से शासकीय कर्मचारियों के हित में ये आदेश पारित किया गया है नवनियक्त पटवारियों को भी100 प्रतिशत सैलरी देना चाहिए। पटवारियों का वेतन रोकने पर तत्काल रोक लगाना चाहिए। प्रदर्शन बड़ी संख्या में पटवारी संघ के सदस्य पटवारी शामिल रहे।

## विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र हो निराकरण:अध्यक्ष नीरज राठौर

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) अध्यक्ष नीरज राठौर के नेतृत्व में विद्यार्थियों की निम्नलिखित समस्याओं के निराकरण हेतु महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि महाविद्यालय की लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। नए भवन में वाटर कुलर की स्थापित कराया जाये।




महाविद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाये। लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के लिये प्रतिदिन पुस्तकें उपलब्ध कराई जाये एवं शोधकार्य की सुविधा के लिए पुस्तकों को नियमित की जाये। नये भवन के सौन्दर्य एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिस दिवार को तोड़ा गया है, उसकी शीघ्र मरम्मत की जावे। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि विद्यार्थियों की उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से कॉलेज अध्यक्ष नीरज राठौर (नीलू), नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी, रिषिका नाथ, पलक यादव, चंचल राजपूत, शिवांग राठौर, मायक चंदेल, हिमांशु जाटव, नागेश बैरागी, गौतम देशराज, लक्ष समाधिया, क्रिष राठौर, प्रथम आदि उपस्थित रहे।

कंडे बनाकर चारों ओर अतिक्रमण, किराए के मकान में चल रहा केंद्र

# विडंबना...आंगनबाड़ी भवन में मासूमों की जगह पसरा गोबर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत खजूरिया में बच्चों के हक का सरकारी आंगनबाड़ी भवन बदहाली का प्रतीक बन गया है। लाखों की लागत से बना पक्का भवन बंद पड़ा है और उसके भीतर कंडे (उपले) थोपे जा रहे हैं। दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में संचालित किया जा रहा है। पंचायत की लापरवाही के चलते सरकारी भवन व पैसों दोनों का बंटाढार हो रहा है और कोई जिम्मेदार देखने वाला नहीं है।

### सरकारी संपत्ति खाली, निजी में किराए पर चल रहा केंद्र

ग्रामीणों का आरोप है कि "भवन दूर है" का तर्क देकर जिम्मेदारों ने इसे बंद कर दिया, जबकि हकीकत में भवन उपयोग योग्य है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब सरकारी संपत्ति खाली पड़ी है तो किराए का भुगतान किस आधार पर किया जा रहा है। बंद भवन का ग्रामीण निजी कार्यों में उपयोग कर रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि निगरानी और जवाबदेही दोनों गायब हैं। किराए के मकान में बच्चों के बैठने, खेलने और पोषण वितरण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

### 2 साल से महिला बाल विकास दे रहा किराया

हालात यह है कि सरकारी भवन को सही करवाने के लिए पंचायत प्रस्ताव नहीं ला पाई और 2 साल से ज्यादा समय हो गया जब आंगनबाडी केंद निजी भवन में संचालित हो रहा है। बच्चों के हक का सवाल है अब जवाबदेही तय होना जरूरी है।

### अधिकारी क्या लेते है संज्ञान

मामले में महिला बाल विकास अधिकारी लोकेश अग्रवाल ने कहा, कि पंचायत प्रस्ताव भेजेंगी आंगनबाडी भवन में मरम्मत होना है "मैं इसको दिखवा लेता हूं।"

अब देखना होगा कि यह 'दिखवाना' जांच तक सीमित रहता है या कार्रवाई भी होती है।ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल निरीक्षण कर केंद्र को सरकारी भवन में शिफ्ट किया जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।

### फैक्ट फाइल

स्थान - ग्राम पंचायत खजूरिया, जनपद पंचायत ब्यावरा, जिला राजगढ़
मामला - सरकारी आंगनबाड़ी भवन बंद
आरोप - भवन में व आसपास कंडे थोपे जा रहे, ग्रामीण कर रहे निजी उपयोग
वर्तमान संचालन - किराए के मकान में आंगनबाडी केंद्र संचालित
अधिकारी का बयान - "दिखवा लेता हूं"
मांग - जांच और तत्काल शिफ्टिंग

### कौन लेगा जिम्मेदारी !

क्या बिना उच्चाधिकारियों की जानकारी के भवन बंद हो सकता है?
जब सरकारी भवन मौजूद है तो किराए का भुगतान क्यों?
बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी किसकी?
क्या निरीक्षण कभी हुआ या सिर्फ कागजों में ही व्यवस्था पूरी है?

नहीं थे कोई सूत्र पुलिस ने तकनीकी सहायता से पकड़े आरोपी

# एक माह के अंदर दूसरी बड़ी लूट का सारंगपुर पुलिस ने किया खुलासा

■ एफआईआर के 48 घंटे में माल सहित आरोपी गिरफ्तार 37.80 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




एक माह के अंतराल में सारंगपुर पुलिस ने मसूर से भरे ट्रक लुट का खुलासा किया ही था कि दूसरी घटना हार्डवेयर से भरे ट्रक की लुट की घटना संज्ञान में आई । इस दौरान फरियादी रामवीर जाट ने 20 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी को उनका ट्रक (एच आर 69 एफ 4093) भारत इंजीनियरिंग कंपनी से माल लोड कर नासिक के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में ड्राइवर टीनू शर्मा ने फोन पर वाहन में समस्या आने की जानकारी दी। बाद में ड्राइवर का फोन बंद हो गया और जीपीएस लोकेशन सारंगपुर कृषि उपज मंडी के पास मिली। 19 फरवरी को वाहन मालिक मौके पर पहुंचे तो ट्रक खाली मिला और माल गायब था। इस सारंगपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर एस डी ओ पी अरविंद सिंह। के मार्ग दर्शन में विशेष टीम गठित कर सारंगपुर पुलिस ने 11 टन लोहे से भरे ट्रक की लूट का महज 48 घंटे में पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटे गए 11 टन लोहे के नट-बोल्ट (कीमत लगभग 12 लाख रुपये), 6 चक्का ट्रक (कीमत 25 लाख रुपये) एवं एक मोटरसाइकिल (कीमत 80 हजार रुपये) सहित कुल 37 लाख 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

इस सफलता के लिए सारंगपुर बायपास से लेकर विभिन्न स्थानों के 140 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दो संदिग्धों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल से ट्रक रुकवाकर ड्राइवर से मारपीट की और ट्रक व माल छीन लिया। पुलिस ने आरोपियों अभिषेक पिता संजय मिश्रा (28) निवासी मुसाखेड़ी, इंदौर एवं जितेंद्र पिता बालाराम राठौर (31) निवासी सुल्तानिया, थाना पचोर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा,उप निरीक्षक अमित त्यागी,सहायक आनंदीलाल भिलाला,आरक्षक अतुल मौर्य,बनवारी गुर्जर सत्येंद्र रघुवंशी सहित टीम की सराहनीय भूमिका रही।

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की बैठक आहूत

# कुपोषण पर प्रशासन सख्त अमले को दिए तल्ख निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कुपोषण का दंश खत्म नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एनआरसी संचालन, बेड ऑक्यूपेंसी, गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों की भर्ती तथा माताओं को देय मजदूरी प्रतिपूर्ति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अस्पतालों में शत-प्रतिशत से कम बेड ऑक्यूपेंसी पर कड़ी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कम बेड ऑक्यूपेंसी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कारणों की बिंदुवार जांच कर सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं सुपरवाइजर से प्रश्न किया कि गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों को तत्काल एनआरसी में भर्ती क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी बच्चों की तुरंत भर्ती सुनिश्चित की जाए।

### दो महिला कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय में पदस्थ मंजू सिसोदिया एवं रचना मेवाड़े द्वारा एनआरसी में भर्ती बच्चों का नियमित फॉलोअप नहीं किए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खुजनेर, ब्यावरा एवं राजगढ़ के सीडीपीओ को खराब प्रदर्शन पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सबसे कम प्रदर्शन करने वाली सुपरवाइजर की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए गए।

# नर्सिंग छात्राओं को दिलवाई गई मरीजों की सेवा-शुश्रूषा की शपथ

### जीएनएम नर्सिंग महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित जीएनएम नर्सिंग महाविद्यालय में इस वर्ष नव-प्रवेशित छात्राओं के लिए शपथ-ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ मरीजों की सेवा-शुश्रूषा की शपथ दिलवाई गई। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम निधि भारद्धाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का माध्यम है। नर्सिंग कोर्स पूर्ण होने के बाद जब आपको मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी तब सभी को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठाभाव के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अंजली शर्मा ने नर्सिंग के क्षेत्र में अनुशासन, धैर्य, करुणा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को निरंतर अध्ययन और व्यवहारिक दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्या श्रीमती मनीषा हठीला ने कहा कि यह शपथ आपको समाजसेवा के उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर करेगी। इस अवसर पर सावित्री वर्मा, टीना थामस, रश्मि तोमर, सुष्मा टोंडेल, माया हिते सहित छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।

# घुमंतु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल , कड़िया 11 बनी विजेता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विमुक्त, घूमन्तु एवं अर्धघूमन्तु समाज विकास समिति मध्यभारत प्रांत, द्वारा आयोजित घूमन्तु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को पब्लिक क्लब ग्राउंड, ब्यावरा में हुआ।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में महाराणा प्रताप दूधी और कड़िया 11 के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें कड़िया 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।विजेता टीम कड़िया 11 को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार नकद एवं शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता महाराणा प्रताप दूधी टीम को 21 हजार नकद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रांत घूमन्तु कार्य प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसमें मध्यप्रदेश के 8 जिलों से कुल 29 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज में खेल भावना, संगठन और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा। समापन में विभाग संघचालक उदय सिंह चैहान, अभा घूमन्तु समाज कार्य प्रमुख दुर्गादास व्यास, क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, जगतगुरु शंकराचार्य दीक्षा महाराज, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती गिरीश जायसवाल, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# नकली नोट चलाने वाले गिरोह को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास, अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




नकली नोट बनाकर बाजार में चलाने वाले गिरोह के चार आरोपियों को न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने बताया कि सारंगपुर न्यायालय के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह ने प्रकरण क्रमांक 403҆2022 में फैसला सुनाते हुए आरोपियों को दोषी ठहराया। अभियोजन के अनुसार 9 अप्रैल 2022 को दोपहर करीब 12रू30 बजे आगर तिराहा, सारंगपुर के पास एक व्यक्ति के नकली 500-500 रुपये के नोट बाजार में असली के रूप में चलाने की फिराक में होने की सूचना पुलिस को मिली। सारंगपुर पुलिस थाना ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 500 रुपये के 17 नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रेम सिंह निवासी ग्राम बिरजीपुरा बताया तथा अपने साथियों मांगीलाल, मुकेश एवं जितेंद्र के नाम उजागर किए। पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके पास से नकली नोट जब्त किए। प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की धारा 489-ए, 489-बी, 489-सी, 489-डी एवं 201 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। न्यायालय ने 14 गवाहों के बयान एवं साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को धारा 489-बी में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 489-सी में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। निर्णय के बाद सभी आरोपियों को सारंगपुर जेल भेज दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने की।

# नवीन बस स्टैंड के पीछे फैली गंदगी हटाने एवं क्षतिग्रस्त मूत्रालय की मरम्मत के निर्देश



**सारंगपुर।** गुरुवार को नगर पालिका सारंगपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे ने नवीन बस स्टेण्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टेण्ड के पीछे काफी मात्रा में गंदगी पाई गई तथा पूर्व निर्मित मूत्रालय क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को असुविधा हो रही थी। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ रानवे ने तत्काल उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को मौके पर बुलाकर बस स्टेण्ड के पीछे फैली गंदगी को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उपयंत्री को क्षतिग्रस्त मूत्रालय की तत्काल मरम्मत कर उसे सुचारू रूप से चालू करने के निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने बस स्टेण्ड परिसर में ठेके पर फल एवं अन्य सामग्री बेचने वाले विक्रेताओं को यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने हेतु अपने ठेले व्यवस्थित ढंग से लगाने की समझाइश दी। साथ ही सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों को खुले में कचरा नहीं फेंकने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वच्छता निरीक्षक को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर पालिका के उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे एवं सफाई दरोगा जितेंद्र भैरवे उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय छापीहेड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बना सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

ग्राम खजूरी गोकुल में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का संचालन के छठवें दिन विशेष अतिथि के रूप में शर्मा पधारे पहले मां सरस्वती के चित्र पर मालिया अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा शिक्षा को महत्व देते हमारे जीवन को संवारने के लिए महत्वपूर्ण जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण सीख को शिक्षा के माध्यम से सीखना पड़ता है वैसे ही जीवन में उपयोगी जो हमारे दैनिक जीवन में आधार बनाकर नित्य आते हैं उन्हें हम कैसे निर्वहन करते हैं शरीर के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी शुद्ध वस्तुओं का सेवन करना इसी के साथ-साथ स्वच्छता एवं श्रमदान के लिए पल पल तैयार रहना इसी को समर्पण कहते हैं जीवन में उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी वृक्ष हमको जीवन दान देते क्योंकि वृक्ष में भी जान होती हे गर मन के भाव से वृक्ष को रोज पानी देने से एक दिन चूक जाते हैं तो वृक्ष हमाररी राह तकता है मनुष्य जीवन को जीने के लिए ऑक्सीजन अत्यंत जरूरी है हमको ऑक्सीजन वृक्ष ही प्रदाय करते हैं जीवन में हर व्यक्ति को एक वृक्ष रोपण जरूर करना चाहिए वृक्षारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए साथ-साथ नकारात्मक चीजों को मन से दूर और सकारात्मक चीजों को अपनाना चाहिए के माध्यम से जो सिख सिखाई जाती है वह जीवन के हर पहलू पर खरी उतरती है जो उद्देश्य सरोकार साबित होते हैं उनका उद्बोधन निस्वार्थ भाव से होना चाहिए छठवें दिन में आज कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चाओं के साथ-साथ शिक्षा सत्र को बढ़ावा देते हुए छापीहेड़ा के वेध नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार पूर्वक बखान कर समझाया गया तथा उनके उद्देश्यों को जीवन में उपयोगी बातें मन में संग्रह करने के लिए प्रेरित भी किया।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने कार्रवाई के लिए दिए निर्देश

# पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूम में ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना




पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम में जिले में पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुमार सक्सेना द्वारा जिले में लंबित एससी-एसटी एक्ट से संबंधित अपराधों की स्थिति की समीक्षा की गई, इस दौरान थानावार लंबित अपराधों, लंबित चालान, लंबित राहत प्रकरणों की समीक्षा कर भविष्य में इन मामलों में और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश प्रदान किए गए । इसके साथ ही प्रकरणों में निष्पक्ष विवेचना, दोषियों पर कार्यवाही, पीड़ितों को त्वरित न्याय व सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया एवं एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों की उच्चाधिकारियों के द्वारा सतत निगरानी एवं थानों में प्राथमिकता से समीक्षा करने तथा एससी-एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में जनचेतना शिविर लगाकर उन्हें उनके विधिक अधिकारों व उनके हित में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए साथ ही आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर कार्यवाही हेतु निम्नानुसार निर्देश दिए गए :-सभी प्रकार के लंबित अपराधों का एक निश्चित समयावधि में निराकरण किया जाए।

लघु अधिनियम जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, अवैध आर्म्स, अवैध पशु परिवहन, आदि के विरूद्ध अभियान चलाकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जाए। सभी लेवल पर सीएम हेल्पलाइन, सीएम मोनिट, सीएम हाउस एवं बरष्ठि कार्यालयों की लंबित शिकायतों का समयावधि में संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें ।नाबालिगों के अपहरण के मामलों में तत्परता से कार्यवाही कर अपहृतों को यथा शीघ्र दस्तयाब करें। संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रियता से कार्यवाही करें और संपूर्ण रिकवरी के प्रयास किये जायें। थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उन पर अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। थानों पर रखे जाने वाले विभिन्न रजिस्टरों का संधारण सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए। सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने पास लंबित विभागीय शिकायत जांच यथाशीघ्र पूर्ण कर भेजें। ऐसे अपराधी जो किसी गंभीर अपराध में जमानत पर है और अपने जमानत पर रहने के दौरान भी अन्य आराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की प्रभावी कार्यवाही करें।

आगामी त्यौहार होली, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती आदि त्यौहारों के दौरान समुचित व्यस्था लगाई जाकर त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। सायबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता हेतु थाना क्षेत्रों में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

**खबर संक्षेप**

## दो मार्च से ग्रामीण भोपाल इंदौर हाईवे की बसें नहीं चलेंगी

**आष्टा।** पूरे प्रदेश में 2 मार्च से यात्री बसों की हड़ताल रहेगी। इसे लेकर शहरों में बस एसोसिएशन की बैठकें हो रही हैं। बस ऑपरेटर एकजुट हो रहे हैं। प्रशासन को ज्ञापन सौंप रहे हैं। मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं। आष्टा के बस ऑपरेटर भी विरोध में शामिल हो गए हैं। निराकरण नहीं हुआ तो 2 मार्च से मध्य प्रदेश के समस्त बस ऑपरेटर हड़ताल पर चले जाएंगे। 2 मार्च को होली पर्व है। हड़ताल हुई तो सबसे ज्यादा मध्य वर्गीय परिवारों को आने-जाने में परेशानी होगी।प्राइम रूट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने स्टेज कैरिज बसों के संचालन को लेकर लागू की जा रही नई नीति का विरोध किया है। इसी मुद्दे पर आष्टा, सीहोर सहित प्रदेशभर के बस संचालकों और विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों की बैठक हुई थी। इसके बाद 2 मार्च की हड़ताल का निर्णय लिया गया। आष्टा क्षेत्र में ग्रामीण इलाकों में करीब 100 यात्री बसें अलग-अलग मार्गों पर चलती हैं। भोपाल-इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर 120 से अधिक बसें चलती हैं। आष्टा बस एसोसिएशन के शेख माजीद खान ने बताया कि करीब 20 साल पहले रोडवेज बंद होने के बाद से प्राइवेट बस संचालन सफलतापूर्वक चल रहा है। इसके बाद भी शासन ने नई नीति बनाई है। इसका विरोध किया जा रहा है। बस संचालक कई बार संबंधित अधिकारियों के सामने समस्याएं रख चुके हैं। बस ऑपरेटर्स ने मांग रखी कि 24 दिसंबर 25 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए या करे।

### तीन दिवसीय चौपाल महोत्सव की समाजसेवी राय ने शुरुआत की

# किसानों को डिजिटल माध्यम से मौसम पूर्वानुमान व बाजार संबंधी जानकारी दी

### आयोजन में किसानों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा विशेषज्ञों तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की रही सक्रिय सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आईटीसी चौपाल सागर, सीहोर में ग्रामीण विकास, किसान सशक्तिकरण एवं युवा मार्गदर्शन को समर्पित तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को की गई। कार्यक्रम का समापन एक मार्च को होगा। कार्यक्रम में महिन्दा एंड महिन्द्रा जेके टायर्स, टाटा एग्रो, सनफीस्ट यिप्पी, विवेल, सेवलान सहित किसानों से संबंधित कई कंपनियां भाग ले रही है। इस आयोजन में किसानों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा विशेषज्ञों तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान आईटीसी मार्स एप के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। किसानों को डिजिटल माध्यम से मौसम पूर्वानुमान, फसल परामर्श तथा बाजार संबंधी जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई, जिससे उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास किया गया।

### उन्नत किसानों का किया सम्मान

सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए अखिलेश राय (सामाजिक कार्यकर्ता), अशोक उपाध्याय (उप संचालक, कृषि), जगदीश मुजाल्दा (सहायक संचालक, उद्यानिकी), डॉ. देवेंद्र पायसी (आर.ए.के. महाविद्यालय), कृषि विशेषज्ञ डॉ. जैनेंद्र कनौजिया तथा सुतांशु कुमार (रिटेल हेड, आईटीसी), अभिषेक शर्मा, डॉक्टर नागेंद्र मिश्रा डॉक्टर राकेश मोहन रावत सहित अन्य सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान तीन उन्नत किसानों का भी सम्मान किया। किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा आय वृद्धि के नए अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य सत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पशुओं में मल्टी-मिनरल उपयोग, संतुलित पोषण प्रबंधन तथा सामान्य रोगों की रोकथाम संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से व्यावहारिक समाधान प्राप्त किए।

### स्वास्थ्य परीक्षण किया

कार्यक्रम में पधारे समस्त किसानों के लिए श्री सत्य साई समूह द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण की व्यवस्था की गई। इस पहल को किसानों ने सराहा और इसे ग्रामीण समुदाय के लिए उपयोगी बताया। स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय संस्थाओं तथा आईटीसी प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सामुदायिक सहयोग का मजबूत आधार मिला। खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से किसानों एवं बच्चों में उत्साह और सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में अनुराग बोहरा एरिया मेनेजर, राजीव बिसेन, रजनीश वर्मा, संकेत दुबे, विजय भावसार सहित आईटीसी स्टाफ का सहयोग रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले किसान उपस्थित थे।



# बैठक में निर्णयः डीजे पर प्रतिबंध, नाबालिग वाहन चालकों पर कार्रवाई होगी

### त्योहार शांति से मनाने की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में आगामी होली, रंगपंचमी, शील सप्तमी और रमजान माह को आपसी भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। यह फैसला जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम नितिन कुमार टाले की अध्यक्षता में लिया गया।बैठक में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय हुआ। साथ ही साउंड सिस्टम धीमी आवाज में बजाने के निर्देश दिए गए, क्योंकि इन दिनों विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं।

जुम्मे के दिन विशेष सतर्कता बरतने की अपीलहोली के दौरान 6 मार्च को रमजान का जुम्मा होने के कारण विशेष सावधानी बरतने पर सहमति बनी। मुस्लिम समाज के नमाजियों पर रंग न डालने का आग्रह किया गया। यदि किसी पर गलती से रंग लग भी जाए तो उसे विवाद का रूप न देने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि त्योहारों पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें जनसहयोग जरूरी है। उन्होंने बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन न करने की हिदायत दी।नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाईनवागत एसडीओपी दामोदर गुप्ता ने कहा कि नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर पालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाएगा। सोशल मीडिया पर भ्रामक या अपुष्ट जानकारी फैलाने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई होगी।बैठक के दौरान मंच व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई पीछे बैठे नजर आए, जिस पर पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष ललित नागौरी ने मंच की गरिमा बनाए रखने की बात कही।

## सफाई कर्मियों ने पार्वती नदी में हो रही गंदगी, नव निर्मित घाटों को साफ किया

**आष्टा।** नगर की जीवन दायिनी पार्वती नदी में बारिश का पानी खत्म होने के बाद बीते दिनों नगर पालिका आष्टा ने शहर वासियों को पानी की परेशानी न हो और आगामी होली उत्सव को देखते हुए रामपुरा जलाशय से पानी छुड़वाया था।लिहाजा रामपुरा जलाशय से पार्वती नदी में पानी भी पहुंचना शुरू हो गया था लेकिन खाली नदी में पड़े कचरे और गंदगी से अब पानी के आने से नदी के ऊपर दिखने लग गई थी। लिहाजा यही पानी आष्टा के नगर वासियों को प्रदाय होता है ऐसे में नगर पालिका के दरोगा मनोज घेंगेंट ने अन्य सफाई कर्मियों के साथ मिलकर नदी में हो रही गंदगी और कचरे को हटाकर नदी को स्वच्छ बनाया ,इस दौरान सफाई कर्मियों ने पार्वती नदी के तट पर बने नव निर्मित घाटों की भी साफ सफाई की।



# एसडीओपी का सकल हिंदू समाज ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में शुक्रवार को नवागत एसडीओपी दामोदर गुप्ता का सकल हिंदू समाज द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद के नेतृत्व में समाज के विभिन्न अध्यक्षगणों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर गुप्ता का अभिनंदन किया।सकल समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक गतिविधियों, आगामी त्योहारों की व्यवस्थाओं तथा नगर में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। एसडीओपी गुप्ता ने सभी समाज अध्यक्षों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि समाज एवं प्रशासन एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता और जनसहयोग के माध्यम से आष्टा नगर को आदर्श बनाने में प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा।सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि समाज सदैव प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा। उन्होंने आपसी समन्वय, शांति और भाईचारे की भावना को मजबूत करने पर बल दिया।इस अवसर पर सकल हिंदू समाज संयोजक मुकेश नामदेव, सचिव मनीष डोंगरे, मीडिया प्रभारी आनंद गोस्वामी, संजय वर्मा, श्वेतांबर समाज अध्यक्ष पवन सुराणा, वाल्मीकि समाज अध्यक्ष रमेश भामा, सिंधी समाज पंचायत अध्यक्ष सुशील भोजवानी, मालवीय समाज अध्यक्ष दिलीप मालवीय, रमेश मालवीय, कौरी समाज अध्यक्ष मोंटू कौरी, बागवान माली समाज अध्यक्ष मनोहर बागवान, जयसवाल कलचुरी समाज अध्यक्ष प्रेम जयसवाल, पांचाल विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष गोपाल पांचाल, ताम्रकार समाज से सुधीर महलवार सहित अनेक समाज अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी ने नवागत एसडीओपी दामोदर गुप्ता को सफल कार्यकाल हो।

# विहिप ने चलाया धर्म रक्षा निधि महा आभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा समाज से सहयोग के रूप में धर्म रक्षा निधि अभियान जो पिछले एक माह से चल रहा था। 25 फरवरी को पूर्ण हुआ इस अभियान के तहत जावर प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट ,जिला मंत्री राजेश गुप्ता, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा एवं धर्म प्रसार प्रमुख जगदीश कुशवाह, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर ,जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ,प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह ,प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, गौ रक्षा प्रमुख मनोहर सिंह, सह मंत्री महेंद्र सिंह ,सहसंयोजक शिव प्रजापति, राजपाल ठाकुर, सुरक्षा प्रमुख मनोज ठाकुर, विजेंद्र सिंह, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख अभय सिंह ,सेवा प्रमुख चेतन सिंह कुरावर, खंड अध्यक्ष घनश्याम सिंह, मंत्री राहुल सिंह ,संयोजक लखन हर्निया गांव, अध्यक्ष श्रीराम ठाकुर खजुरिया, खंड अध्यक्ष महेंद्र मंत्री, संदीप पाटीदार, संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ग्वाला खंड अध्यक्ष बहादुर सिंह, राहुल सिंह, हरपाल सिंह गुराडिया वर्मा, खंड अध्यक्ष चेतन मेवाडा, उपाध्यक्ष जगदीश प्रजापति ,मंत्री संदीप ठाकुर, संयोजक सुनील राठौर, गोरक्षा प्रमुख लखन प्रजापति, जावर नगर अध्यक्ष राकेश ढंडल, उपाध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, मंत्री आयरन ठाकुर, संयोजक गौरव सिसोदिया, गोरक्षा प्रमुख अंकित निगम, निखिल सिसोदिया और भी जावर प्रखंड के अंतर्गत आने वाले खंड एवं ग्राम इकाई कुरावर, हर्निया गांव, कान्या खेड़ी, कल्याणपुर, खजुरिया, आरोलिया, परोलिया, बाजखेड़ी, ग्वाला, सतबड़ा, बरछापूरा, कुर्ली, गुराडिया वर्मा, मेहतवाड़ा दायित्व वान पदाधिकारी के साथ इस अभियान में हिस्सा लिया जावर मंडी, जावर नगर, मेहतवाडा खंड मैं समाज से प्रतिष्ठित लोगों से संपर्क कर धर्म रक्षा निधि अभियान में सहयोग प्राप्त हुआ। इसी कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद कार्यालय पर मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर का जन्म दिवस भी बड़ा ही धूमधाम से मनाया गया। जिला एवं प्रांत के पदाधिकारी द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं खंड-खंड से पधारे सभी कार्यकर्ताओं ने भी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रांत के सेवा प्रमुख गोपाल राठी एवं आस्था प्रखंड के चंद्र सिंह राजपूत भी उपस्थित हुए धर्म रक्षा निधि में प्राप्त समाज के वरिष्ठ जनों से जो राशि मिली वह राशि गौ रक्षा मठ मंदिर सुरक्षा लव जिहाद घर वापसी गौशाला एवं पूर्णकालिक स्वयंसेवकों के ऊपर खर्च की जाती है। सभी दानदाताओं का विश्व हिंदू परिषद द्वारा आभार प्रकट किया गया एवं इसी प्रकार समाज की संगठन में सहभागिता हो ऐसा विश्वास जताया।

## गेहूं की फसल में आग लगने से लाखों का नुकसान

**सीहोर।** खेत में खड़ी सूखे गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। कुल दस मिनट के अंदर पूरी फसल जलकर राख के ढेर में बदल गई। फसल में आग लगने से किसान को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। खेत में खड़े गेहूं में आग लगते ही किसान का पूरा परिवार सदमे में आ गया। किसान परिवार की महिलाएं रोती हुई दिखाई दी। घटना ग्राम नयापुरा नया खेड़ा के किसान नारायण सिंह मेवाडा के ढाई एकड़ के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में गुरुवार दोपहर में आग लगने की घटना घटित हुई। फायर ब्रिगेड नहीं पहुंची तो किसानों के द्वारा टैंकर से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की गई। आग बुझाने के लिए खेत में बखखर कर भी चलाई गई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भीषण आग को बुझाया जाता इससे पहले ही गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान नारायण सिंह मेवाडा ने मंडी थाना पहुंचकर आगजनी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। फिलहाल आग लगने की घटना का कारण अज्ञात बना हुआ है।

# वार्ड 12 में कई स्थानों पर बनेगी पीवीसी पाइप नाली, भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एक कदम नगर विकास की ओर अग्रसर करते हुए वार्ड क्रमांक 12 में पीवीसी पाईप लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद अनिता भट्ट द्वारा किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड के नागौरी कम्पाउंड, श्रोत्रीय गली, गणेश मार्केट सहित विभिन्न स्थानों पर पीवीसी पाईप लाईन का निर्माण कार्य लगभग 8 लाख रूपये की लागत से पूर्ण होगा।

मेवाड़ा ने कहा कि प्रगति गली क्षेत्र नगर का प्रमुख क्षेत्र है, यहां साइकिल, स्टेशनरी, मेडिकल सहित आभूषणों की मुख्य दुकाने है जहां नगर सहित ग्रामीणजनों का बड़ी संख्या में आवागमन लगा रहता है। वर्षो पुरानी नालियां होने के कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए परिषद ने इस क्षैत्र में पीवीसी पाईप लाईन डालकर नाली निर्माण करने का निर्णय लिया जिसका आज भूमिपूजन हुआ है और शीघ्र ही कार्य पूर्ण हो जाएगा।

पीवीसी पाईप लाइन नाली निर्माण होने से नागरिकों को समस्याओं का सामना नही करना पड़ेगा। मेवाड़ा ने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि परिषद नगर के सर्वांगिण विकास के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। चाहे धार्मिक स्थान हो या शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं हर प्रकार से नागरिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर सत्यनारायण कामरिया, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष नामदेव, संतोष राठौर, उंदल मोटवानी, आकाश राठौर, बोनी प्रगति, दीनानाथ परमार आदि मौजूद थे।

### शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय मेहतवाड़ा में विदाई समारोह आयोजित किया

# अतिथियों ने पारितोषिक देकर बालिकाओं का सम्मान किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मेहतवाड़ा के शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8वी की बालिकाओं का विदाई समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजेंद्र सिंह ठाकुर ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य अनार सिंह ठाकुर, विशेष अतिथि रूपचंद जैन, अनारसिंह ठाकुर पूर्व प्रधानाध्यापक, कैलाश ठाकुर, शोभाल सिंह ठाकुर आदि शिक्षकगण व नागरिक उपस्थित रहे। संस्था के प्रधान अध्यापक विमल कुमार जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। जैन का कार्यकाल इसी सत्र में समाप्त हो रहा जैन द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं संस्था के कर्मचारियों को पारितोषिक देकर सम्मान किया वही शाला में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाली बालिकाओं को साला में सबसे अच्छे मार्क लाने वाली बालिकाओं को राष्ट्रीय पर्व पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन गणेश दुबे ने किया। विद्यार्थियों ने भाषण, नृत्य,गीत , शायरी और कार्ड के द्वारा अपनी भावनाओ को व्यक्त किया । विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा वर्ष भर दायित्वों के निर्वाह हेतु सम्मान स्वरूप प्रधानाध्यापक विमल जैन द्वारा नारियल एवं उपहार भेंट किए गए। अध्यक्ष मुख्यातिथि संस्था प्रधानाध्यापक। एवं जगदीशप्रसाद खत्री, साधना जैन,अंजना जैन,लीना शिंदे , शिक्षिका शाहनाज आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का आभार सुरेंद्र ठाकुर ने किया।